# डीजल के काले कारोबार पर पुलिस का वार

## जावर पुलिस ने बीती देर रात अवैध डीजल भंडारण और मिलावट के बड़े खेल का किया खुलासा

नवभारत न्यूज

**सीहोर/आष्टा 30 मार्च. जिले के जावर क्षेत्र में पुलिस ने अवैध डीजल भंडारण और मिलावट के बड़े खेल का खुलासा किया है. टीन शेड के गोदाम से हजारों लीटर डीजल व कैमिकल जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो अन्य की तलाश जारी है.**

इंदौर-भोपाल फोरलेन स्थित दरखेड़ा जोड़ के पास जावर पुलिस ने रविवार देर रात छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध डीजल के बड़े भंडार का खुलासा किया. पुलिस ने एक टीन शेड से 32 छोटे-बड़े ड्रमों में भरा 4825 लीटर डीजल जब्त किया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 4 लाख रुपए आंकी गई है. मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि उसके दो साथी मौका पाकर फरार हो गए.



### बाहर से छोटा दिखता टीनशेड अंदर से था काफी बड़ा

कार्रवाई के दौरान पुलिस को यह देखकर हैरानी हुई कि बाहर से छोटा दिखाई देने वाला टीन शेड अंदर से काफी बड़ा निकला. उसके भीतर दो और हिस्से बनाए गए थे, जहां बड़ी मात्रा में ड्रमों में डीजल भरा हुआ रखा गया था. इससे साफ है कि यह कारोबार लंबे समय से सुनियोजित तरीके से संचालित किया जा रहा था. जब्त किए गए 32 ड्रमों में से करीब 16 ड्रमों में केमिकल होने का अंदेशा जताया जा रहा है. पुलिस का मानना है कि डीजल की गुणवत्ता बदलने और उसे असली जैसा दिखाने के लिए मिलावट की जाती थी. हालांकि, असल स्थिति जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी.

### पेट्रोलियम पदार्थ की कमी का उठाया फायदा

युद्ध के कारण अभी डीजल और पेट्रोल को लेकर काफी मारामारी चल रही है. हाल के दिनों में डीजल और पेट्रोल की मांग बढ़ने तथा कुछ पेट्रोल पंपों के अस्थायी रूप से ड्राय होने की स्थिति का फायदा उठाकर ऐसे गिरोह सक्रिय हो गए थे. एक साथ बड़ी संख्या में लोग पेट्रोल-डीजल लेने पंपों पर पहुंचने से आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुई, जिसका लाभ अवैध कारोबारियों ने उठाया. दूसरी तरफ कई गिरोह जो पहले से काम कर रहे थे, वह भी सक्रिय हो गए थे.

## सुधार के बाद भी नहीं पहुंच रहा पानी

**पड़ाना.** कुंडालिया डैम परियोजना अधिकांश गांव में धरातल तक भी नहीं पहुंचा शुद्ध जल समीप ग्राम बरूखेड़ी, नारायणपुर, रामपुरियाखेड़ा, साधनखेड़ी, मगराना, आशारेटा के लोग निजी ट्यूबवेल हैंडपंप व बावड़ी जंगलों इत्यादि जल स्रोतों के माध्यम से दैनिक दिनचर्या में लगने वाले पानी का उपयोग कर रहे हैं. ग्रामीणों के अनुसार शुद्ध जल मुहैया करने के उद्देश्य से बनी पानी की टंकी केवल शोपीस बनकर खड़ी हुई है. गांव में लाइन का काम अधूरा पढ़ा हुआ है. वहीं कहीं गांव में नल कनेक्शन का कार्य बाकी है. ऐसे में इन ग्रामीणों को कब शुद्ध जल मुहैया होगा अभी भी विचारणी पहलू है. रामपुरिया खेड़ा सरपंच प्रतिनिधि महेश जाट का कहना है कि साधन खेड़ी,रामपुरिया खेड़ा, मगराना, तीनों गांव की आबादी लगभग 3500 जनसंख्या है तीनों गांव के बीच में एक की टंकी बनी हुई है.

# शहर के प्रमुख मार्गों से निकली शोभायात्रा

**शोभायात्रा का लोगों ने किया जगह-जगह स्वागत**

**जिले के पलेरा, जतारा, खरगापुर एवं मोहनगढ़ में मनाई जयंती**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। महावीर जयंती की उपलक्ष्य में एक दिन पूर्व से ही जैन समाज द्वारा पर्व को लेकर की जा रही तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। सोमवार को महावीर जयंती के पर्व पर दोपहर 3 बजे बाजार जैन मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जैन ने बताया कि नवकार महामंत्र जैन समाज का सबसे पवित्र मंत्र है। यह मंत्र आत्म कल्याण और पाप नाश के लिए किया जाता है। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में पुरुष महिलाएं और बच्चे शामिल हुए।**

जैन समाज के लोगों द्वारा मंत्र में अरिहंत सिद्ध आचार्य उपाध्याय और जगत के सभी साधुओं को नमस्कार किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह मंत्र मानसिक तनाव दूर करता है। यह मन को शांत करने और एकाग्रता बढ़ाने में सहायक है। यह मंत्र व्यक्ति में समता का भाव जागृत करता है। साथ ही विश्व शांति की कामना करता है। यह सम्यक दर्शन सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र के साथ मोक्ष मार्ग की ओर ले जाता है।



### दिव्य शोभायात्रा का स्वागत

नगर के हृदय स्थल स्टेट बैंक चौराहा पर जैन समाज द्वारा आयोजित भव्य एवं दिव्य शोभायात्रा के स्वागत का सुअवसर प्राप्त हुआ। इस पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की और धर्म ध्वजा को नमन किया। शोभायात्रा की दिव्यता और श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। भक्तिमय वातावरण में डूबे नगरवासियों ने भगवान के जयकारों से पूरे आकाश को गुंजायमान कर दिया। यह दृश्य हमारी सांस्कृतिक एकता और अटूट श्रद्धा का प्रतीक है।

# गैस सिलेंडरों को माला पहनाकर धरना प्रदर्शन

## विद्युत दर वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस का धरना

नवभारत न्यूज

**विदिशा 30 मार्च, जिला कांग्रेस के निर्देशन में नगर कांग्रेस द्वारा रसोई गैस, खाद्य सामग्री और विद्युत दरों में प्रस्तावित 4.80 प्रतिशत वृद्धि के विरोध में माधवगंज चौराहे पर गैस सिलेंडरों को माला पहनाकर धरना प्रदर्शन किया गया.**

धरना को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि पहले ही स्मार्ट मीटर के कारण बिजली बिलों में चार गुना वृद्धि की शिकायतें सामने आ रही हैं और अब अप्रैल से प्रस्तावित 4.80 प्रतिशत दर वृद्धि आम आदमी के परिवारों का बजट और बिगाड़ देगी. उन्होंने आरोप लगाया कि आखिर कब तक सरकार जनता पर बोझ डालकर अपनी कमियों को छिपाती रहेगी.मोहित रघुवंशी ने कहा कि रसोई गैस, खाद्य सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुओं के बाद अब बिजली भी आम आदमी की पहुंच से दूर होती जा रही है. उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि जनहित को प्राथमिकता देते हुए प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि को वापस लिया जाए तथा बिजली कंपनियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए.नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू ,जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा ने बताया कि सभी वक्ताओं ने विद्युत दर वृद्धि को तत्काल वापस लेने की मांग की.




## दोपहर बाद बदले मौसम के मिजाज

**सीहोर.** सोमवार दोपहर बाद फिर से मौसम बदला और इछावर में कुछ देर बारिश हुई जबकि सीहोर में तेज हवा चलने लगी. इधर मौसम विभाग का कहना है कि यह खतरा 4 अप्रैल तक बना रहेगा. सोमवार को दोपहर बाद इछावर में हल्की बारिश हुई. रुक रुककर हुई हल्की बारिश से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली. दूसरी तरफ सीहोर में भी तेज हवा चलना शुरू हो गई. हालांकि शाम तक बारिश नहीं हुई. जिले भर में मौसम इसी तरह का बन गया। जबकि पिछले सप्ताह तेज गर्मी पड़ी थी. आरएके कॉलेज स्थित मौसम विभाग के अनुसार अभी मौसम खराब रहेगा. 4 अप्रैल तक हल्की बारिश हो सकती है.

# पुलिस ने किया अंधे कत्ल का पर्दाफाश

## महज 60 घंटों में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर किया हत्याकांड का खुलासा

**इटारसी,30 मार्च नससे.थाना केसला पुलिस ने ग्राम मोरपानी में हुए अंधे हत्याकांड का खुलासा महज 60 घंटों में करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक साईकृष्णा थोटा के मार्गदर्शन और एसडीओपी इटारसी वीरेन्द्र कुमार मिश्रा के निर्देशन में की गई।**

घटना 27 मार्च की शाम की है। आरोपियोंजितेंद्र कलमे, शिवा, शिवनारायण और हरिओमने पुरानी रंजिश के चलते सुनील कलमे के साथ मारपीट शुरू की। इसी दौरान पड़ोसी जंगल सिंह बीच-बचाव करने पहुंचे।

आरोपियों ने हस्तक्षेप से नाराज होकर जंगल सिंह पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए केसला पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की और साक्ष्यों के आधार पर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को न्यायालय इटारसी में पेश किया गया, जहां से उन्हें जिला जेल नर्मदापुरम भेज दिया गया।



## आज महावीर स्वामी जन्मकल्याण महाउत्सव

**सारंगपुर 30 मार्च, सं.** जैन श्वेतांबर श्रीसंघ के तत्वाधान में भगवान महावीर स्वामी जन्मकल्याण महोसव आज मंगलवार को मनाएगा. उक्त जानकारी देते हुए समाज अध्यक्ष प्रदीप बरडिया ने बताया कि परम तारक परमात्मा भगवान महावीर के 2624वें जन्मकल्याणक के परम पावन प्रसंग पर परमात्मा की रथयात्रा प.पू कल्प शासन ज्योति श्रीजी मासा आदि ठाणा-5 की पावन निश्रा में निकली जाएगी. श्रीबरडिया ने बताया कि परमात्मा की रथयात्रा प्रातः 10 बजे से श्रीशांतिनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर बड़ी होली सारंगपुर से प्रारंभ होगी. जो विभिन्न मार्गो से निकलेगी.

## एक नजर में



### बंटी शर्मा अध्यक्ष नियुक्त

**बुधनी.** नगर के प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर में सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित की गई. बैठक में पूर्व अध्यक्ष भाग्योदय दुबे 'रिंकू' ने वार्षिक कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया तथा आगामी परशुराम उत्सव को लेकर नई समिति के गठन का प्रस्ताव रखा. बैठक में परशुराम उत्सव समिति के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें पं. सुरेंद्र बंटी शर्मा को अध्यक्ष एवं आशीष पाठक को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया.पूर्व अध्यक्ष भाग्योदय दुबे 'रिंकू' ने नव नियुक्त अध्यक्ष सुरेंद्र बंटी शर्मा को विधिवत कार्यभार सौंपा. बैठक में सत्येंद्र शर्मा, चंद्रभूषण त्रिपाठी, अरविंद्र दुबे, दीवान जी, दीपक शर्मा, पियूष बिल्लौरे, पियूष दुबे, लक्की दुबे, राज शर्मा, कार्तिक शर्मा, मनीष बाजपेई, गिरजा शंकर शर्मा, रामजी शर्मा, निरंजन शर्मा आदि उपस्थित रहे.




### शिशु मंदिर में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**तलेन.** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उ.मा.वि में वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमोदसिंह पवार,विशेष अतिथि ओकारसिंह यादव, गोपाल सिंह राजपूत, व्यवस्थापक गौरीलाल यादव एवं संस्था प्राचार्य जुगल किशोर शर्मा मंचस्थ रहे. अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ दीदी माया शर्मा,ममता सेंगर व परिचय संस्था प्राचार्य जुगल किशोर शर्मा के द्वारा करवाया गया. परीक्षा प्रमुख राजेंद्र पवार ने परीक्षा परिणाम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।कार्यक्रम में सर्वाधिक अंकों से उत्तीर्ण प्रथम, द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त भैया बहिनों व कक्षा में सर्वाधिक उपस्थित भैया बहिनों को शील्ड व प्रमाण पत्र वितरण किये गये. कक्षा पंचमी में बहिन अंकिता लववंशी ने 84.25 प्रतिशत व कक्षा अष्टमी में बहिन अदिति चंद्रावत ने 90.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किये. कार्यक्रम का संचालन धनसिंह यादव ने किया, आभार व्यवस्थापक गौरीलाल यादव ने माना.

### नगद इनाम की घोषणा

**विदिशा,** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के द्वारा थाना नटेरन में दर्ज अपराध क्रमांक 118/2022 की विभिन्न धाराओ के फरार आरोपियों में जिबरी उर्फ जिब्राईल खां और हैदर अली खां निवासीगण ग्राम करमेड़ी थाना शमशाबाद जिला विदिशा की सूचना देने वालो को क्रमशः दो-दो हजार प्रत्येक परद्ध रूपए की नगद राशि देने की उद्घोषणा की है.सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा.

### मंडी में अवकाश घोषित किए

**सुठालिया.** कृषि उपज मंडी समिति की ओर से सूचित किया जाता है कि 31 मार्च एवं 01 अप्रैल को बैंक अवकाश एवं 02 अप्रैल को हनुमान जयंती एवं 03 अप्रैल को साप्ताहिक अवकाश होने से मंडी का नीलामी का कार्य बंद रहेगा. व्यापारीगण द्वारा दिए गए आवेदन अनुसार अवकाश घोषित किया जाता है. उक्त आशय की जानकारी सचिव कृषि उपज मंडी समिति सुठालिया द्वारा दी गई.

# कुएं-बावड़ियों की अनदेखी, जलसंकट में आती याद

नवभारत न्यूज

**विदिशा 30 मार्च, शहर में कभी लोगों की प्यास बुझाने वाले पारंपरिक जलस्रोत—कुएं और बावड़ियां—आज बदहाली और अनदेखी का शिकार हो गए हैं . वर्षों से देखरेख और सफाई के अभाव में ये ऐतिहासिक जलस्रोत अब कचरा घर में तब्दील होते जा रहे हैं.**

हालत यह है कि जहां कभी हजारों लोग इनसे पानी भरते थे, वहीं आज इन स्थानों पर गंदगी, मलबा और अव्यवस्था का अंबार दिखाई देता है . इससे न केवल इनका अस्तित्व संकट में है, बल्कि आमजन की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है.



> मोहनगिरी क्षेत्र की प्राचीन बावड़ी, आरएमपी नगर और वैशालीनगर के कुएं सहित शहर के अनेक जलस्रोत बदहाली की कहानी बयां कर रहे हैं . कहीं बावड़ियों में कूड़े का ढेर लगा है, तो कहीं आसपास अतिक्रमण और अवैध निर्माण ने इनके स्वरूप को बिगाड़ दिया है . कुछ स्थानों पर इन जलस्रोतों के आसपास सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं, जिससे हादसों का खतरा लगातार बना हुआ है

शहर और आसपास के क्षेत्रों में कई कुएं और बावड़ियां जर्जर स्थिति में पहुंच चुके हैं . कई स्थानों पर इनके पाट धंस गए हैं, जिससे संरचना कमजोर हो गई है . वहीं कई बावड़ियों की सीढ़ियां टूट चुकी हैं और दीवारें दरकने लगी हैं . लंबे समय से मरम्मत और संरक्षण के अभाव में ये जलस्रोत अब उपयोग के लायक नहीं बचे हैं . कई जगहों पर इनमें कचरा, प्लास्टिक, गंदा पानी और निर्माण मलबा भर गया है, जिससे इनका जल पूरी तरह दूषित हो चुका है .

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय-समय पर इनकी सफाई और देखरेख की जाती, तो आज ये स्थिति नहीं बनती . लोगों का यह भी मानना है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण ये महत्वपूर्ण जलस्रोत उपेक्षा का शिकार हो गए हैं .



# 298 करोड़ के बजट से संवरेगा गुना नगरीय क्षेत्र

नवभारत न्यूज

**गुना 30 मार्च का। शहर के चहुंमुखी विकास और नागरिक सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नगरपालिका परिषद गुना द्वारा सोमवार को आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अपना अनुमानित बजट प्रस्तुत कर दिया गया। नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता, प्रभारी सीएमओ डॉ. मंजूषा खत्री और उपाध्यक्ष धरम सोनी की विशेष उपस्थिति में आयोजित इस बजट बैठक में शहर के भविष्य का वित्तीय खाका खींचा गया।**

अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने इस बजट को 'विकासोन्मुखी और जन-हितैषी' करार देते हुए विश्वास जताया कि यह बजट गुना शहर को आधुनिक और सर्वसुविधायुक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। नगरपालिका द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जो आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया है, वह पूरी तरह संतुलित और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

बजट के आंकड़ों पर नजर डालें तो कुल अनुमानित आय 2 अरब 98 करोड़ 72 लाख प्रस्तावित की गई है। इसके विरुद्ध कुल अनुमानित व्यय 2 अरब 98 लाख 70 लाख 2 हजार रहने की संभावना जताई गई है। वास्तविक आय और व्यय के धरातल पर देखें तो वास्तविक आय 1 अरब 27 करोड़ 53 लाख 95 हजार और वास्तविक व्यय 1 अरब 27 करोड़ 51 लाख 97 हजार अनुमानित है।

> बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता ने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि गुना के प्रत्येक नागरिक के जीवन स्तर को सुधारने का संकल्प है। उन्होंने इस बजट को शहर के विकास के लिए अत्यंत प्रभावी बताते हुए कहा हमारा लक्ष्य गुना को स्वच्छ, सुंदर और आत्मनिर्भर शहर बनाना है। इस बजट में हमने न केवल बुनियादी ढांचे पर ध्यान दिया है, बल्कि गरीब बस्तियों और स्वास्थ्य सेवाओं को भी केंद्र में रखा है.

# डेयरी व जूस सेंटर से लिये नमूने, दिए सुधार के निर्देश

नवभारत न्यूज

**विदिशा 30 मार्च,विदिशा जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है. कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार प्राप्त शिकायतों पर त्वरित जांच करते हुए संबंधित प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण किया गया.**

माधवगंज स्थित श्याम डेयरी के पनीर की गुणवत्ता को लेकर शिकायत प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की. निरीक्षण के दौरान डेयरी से पनीरए मावाए घी एवं दही के नमूने विधिवत एकत्रित किए गए.साथ ही डेयरी संचालक को खाद्य सामग्री को ढंककर रखनेए हाथों में दस्ताने पहनने तथा स्वच्छता बनाए रखते हुए खाद्य सामग्री का विक्रय करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए.इसी क्रम में जिला अस्पताल विदिशा के सामने स्थित भैरो टी स्टाल के गन्ने के जूस को लेकर भी शिकायत मिली थी.इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा जूस का नमूना लिया गया.



## कृषकों की आय दोगुनी करने पर चर्चा

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़.** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग जिला , द्वारा किसान कल्याण वर्ष 2025-26 के तहत एकीकृत बागवानी विकास मिशन अंतर्गत जिले में दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषक सेमिनार, कान्फ्रें स एवं किसान मेला का समापन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. डीएस तोमर अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। डॉ. तोमर द्वारा उद्यानिकी से कृषकों को दोगुनी आय विषय पर जानकारी दी गई.

**धांधली** | **पनडुब्बी की मदद से रोजाना निकल रही रेत**

# मोहनगढ़ क्षेत्र की बारगी नदी पर हो रहा रेत का अवैध उत्खनन

**नवभारत न्यूज, मोहनगढ़। वैसे तो जिले में अवैध रेत के उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगी है,लेकिन मोहनगढ़ तहसील की प्रशासनिक व्यवस्था में सुराख होने की वजह से यहां पर जगह जगह अवैध रेत का कारोबार चल रहा है। अवैध रेत के कारोबारी इस वक्त नदी नालों के साथ वनविभाग को छलनी करने में लगे है। बताया गया कि बीते कुछ दिनों से बम्होरी मोहनगढ़ मार्ग के बीच में राजनगर गांव के पास से निकाली बारगी नदी के डोडा घाट के पास अवैध रेत का कारोबार जमकर फल फूल रहा है। यहां पनडुब्बी की मदद से रोजाना सैकड़ों ट्राली अवैध रेत का उत्खनन किया जा रहा है और कोई रोक टोक करने वाला नहीं है। आरोप है कि रेत माफिया किसानों के खेतों से भारी लोड वाहन निकाल रहे है जिससे खेतों की मिट्टी की उर्वरा शक्ति खत्म हो रही है तो वही पर्यावरण को भी खासा नुकसान हो रहा है।**



जानकारी के अनुसार आज के दौर में धनी आदमी बनने के लिए अवैध कारोबारों की शरण लेना अक्सर देखा जाता है। बालू बेचना सबसे सरल धंधा है जैसे-जैसे इसकी कमी हो रही है यह धंधा और अधिक मुनाफे वाला हो गया है मोहनगढ़ क्षेत्र में चाहे जामनी नदी हो या फिर बरगी सभी जगह अवैध रेत का कारोबार फल फूल रहा है।

माफिया नदी के अंदर की रेत निकालने के लिए नए-नए जुगाड़ लगाते रहते हैं. कुछ लोग नाव लेकर नदी के बीच में पहुंचते हैं और नदी में कम पानी वाली जगह पर मानव श्रम से रेत निकलवाते हैं, तो कुछ माफिया पनडुब्बी की मदद ले रहे है। रेत निकलने का अब एक और तरीका अपनाया जा रहा है भी है जिसे पनडुब्बी यह हाई-फाई मशीन के नाम से जाना जाता है. यह पनडुब्बी या हाई-फाई मशीन एक बड़ा मैकेनिक जुगाड़ है. इसमें एक बड़ी सी नाव के ऊपर ट्रक का पुराना इंजन रखा जाता है और एक बहुत बड़ा पंप इस इंजन से जोड़ दिया जाता है.

### अधिकारी नहीं दे रहे इस ओर ध्यान

अवैध रेत के कारोबारी इस वक्त नदी नालों के साथ वनविभाग को छलनी करने में लगे है। बताया गया कि बीते कुछ दिनों से बारगी नदी के डोडा घाट के पास अवैध रेत का कारोबार जमकर फल फूल रहा है। यहां पनडुब्बी की मदद से रोजाना सैकड़ों ट्राली अवैध रेत का उत्खनन किया जा रहा है और कोई रोक टोक करने वाला नहीं है।

## मोतीचूर नदी में विसर्जन

**बीना.** छोटी बजरिया स्थित गुप्ता गार्डन में चैत्र नवरात्र में मां महाकाली की झांकी सजाई गई थी. चल समारोह निकालने के दौरान कात्यायनी मंदिर के पास खटीक समाज ने मां की आरती की. झांकी चल समरोह गुप्ता गार्डन से शुरू होकर बीना के रेलवे कॉलोनी, सागर गेट, गांधी तिराहा, कॉलेज तिराहा, सर्वोदय चौराहा, अंबेडकर तिराहा से होते हुए मोतीचूर नदी पहुंचा, जहां मूर्ति का विसर्जन किया गया. इस दौरान भक्तों ने मां के जयकारे भी लगाए. 15 फीट ऊंची प्रतिमा की गई थी विराजमान महाकाली सेवा समिति पिछले पांच सालों से शहर के छोटी बजरिया स्थित गुप्ता गार्डन में महाकाली की प्रतिमा विराजमान की जाती है.